

मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक105 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 30 दिसंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार
पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## अक्षत कलश लेकर शोभायात्राओं का हो रहा भव्य आयोजन





सिवनी यशोः- श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में मंदिर निर्माण के पश्चात आगामी 22 जनवरी 2024 को होने वाले प्राणप्रतिष्ठा समारोह के क्षण जैसे जैसे निकट आ रहा है सनातन समाज में भक्तिमय उत्साह का वातावरण तेजी से प्रगट हो रहा है । श्रीरामजन्मभूमि न्यास द्वारा अयोध्या से समस्त सनातन समाज के लिये अक्षत कलश के रूप भेजे गये आमंत्रण के कलशों की पूरे जिले में अपार श्रद्धा और उत्साह का जुनून दिखाई दे रहा है । सुदूर ग्रामीण अंचलों में भी इन दिनों धार्मिक आयोजन पूरी क्षमता के साथ चल रहे है ।


भगवान श्रीराम आगामी 22 जनवरी को अपनी जन्मभूमि पर बने भव्य मंदिर में स्थापित होंगे इस बात को लेकर समूचा सनातन समाज उत्सोहित है धार्मिक आयोजनों के साथ अक्षत कलशो की पूजा की जा रही है और संदेश दिया है जा रहा है कि यह संपूर्ण हिन्दुस्तान के लिये बड़े ही गौरव का विषय है कि भगवान श्रीराम को कई सदियों के बाद उनके जन्म स्थान पर स्थापित हुये देखने के लिये उन्हें यह अवसर प्राप्त हो रहा है । सनातन समाज के जानकार राममंदिर पर हुये आक्रमण से लेकर सदियों से चले संघर्ष की कहानियाँ बताकर राममंदिर के लिये पूर्वजो द्वारा किये गये संघर्ष और बलिदान की गाथाएँ बताकर आस्था को गौरवपूर्ण बना रहे है ।

अयोध्या से आये अक्षत कलशों को छोटे छोटे गांव तक पहुँचाया गया है । जिले हर क्षेत्र में अक्षत कलशों को पवित्र मंदिरों में रखकर पूजा अर्चना और धार्मिक आयोजन हो रहे है और इन अक्षत कलशों को एक मंदिर से दूसरे मंदिर ले जाने के लिये बड़ी सं या में संबंधित क्षेत्र के भक्तगण उपस्थित होते है तथा अक्षत कलश ले जाने वाली टोलियाँ बाजे गाजे के साथ धर्म ध्वाजाओं से सुसज्जित होकर पहुँच रही है जो अक्षत कलशों को सिर पर रखकर शोभायात्रा के रूप में लेकर जाती है । इन शोभायात्राओं में शामिल राम भक्तों की टोलियाँ भारी उत्साहित नाचते गाते हुये अक्षत कलशों को अपने क्षेत्रीय मंदिरों लेजाकर पूजन करती है और इसके पश्चत भजन कीर्तन, भगवान राम की स्तुति , रामायण का पाठ, सुंदरकांड और हनुमान चालीसा सहित अनेक तरह के सामूहिक आयोजन होते है ।

राममंदिर के भव्य निर्माण और 22 जनवरी को भगवान राम की भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को सनातन समाज अपना सौभाग्य मानकर गौरव की अनुभूति कर रहा है । उत्साहित सनातन समाज ने पूरे जिले को राममय बना दिया है और देश के हर क्षेत्र के साथ जिले के छोटे छोटे गांव, नगर, शहर राममंदिर के भव्य निर्माण से प्रसन्न और प्रभुल्लित दिखाई दे रहा है । हर व्यक्ति भगवान श्रीराम के अयोध्या जाकर दर्शन करने के लिये उत्सुक दिख रहा है ।

## पूज्य शंकराचार्य आज पहुँचेंगे गुरूधाम दिघौरी

सिवनी यशोः- अनंत श्री विभूषित द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरू



शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का आज 30 दिसंबर शनिवार को गुरूधाम दिघौरी आगमन होगा ।

महाराज श्री के जारी कार्यक्रम के अनुसार पूज्य शंकराचार्य जी महाराज 30 दिसंबर को नागपुर राधिका बिहार शीतला माता मंदिर के पास क्रेटा कालोनी में टांक परिवार में पधार कर श्रद्धालुओं से भेंट करेंगे । इसके पश्चात पूज्य महाराज श्री दोपहर 3:00 बजे नागपुर से सड़क मार्ग से सिवनी गुरूधाम दिघौरी के लिये प्रस्थान करेंगे और दिघौरी पहुँचकर रात्रि विश्राम करेंगे ।

महाराज श्री 31 दिसंबर रविवार को गुरूधाम दिघौरी में उपस्थित रहकर भक्तगणों से धर्मचर्चा कर उन्हें आशीर्वाद प्रदान करेंगे 31 दिसंबर को रात्रि विश्राम करेंगे एवं 01जनवरी 2024 दिन सोमवार को पूज्य गुरूदेव महाराज दोहपर 2:00 बजे तक दिघौरी गुरूधाम में उपस्थित रहेंगे । दोपहर 2:00 बजे के पश्चात शंकराचार्य आश्रम बाला भवानी मंदिर गणेशगंज के लिये प्रस्थान करेंगे तथा आश्रम में उपस्थित रहकर श्रद्धालु भक्तों को दर्शनलाभ देंगे तथा रात्रि विश्राम करेंगे ।

पूज्य गुरूदेव महाराज 02 जनवरी मंगलवार को दोपहर 2:00 बजे के पश्चात परमहंसी गंगा जिला नरसिंगपुर के लिये प्रस्थान करेंगे ।

## विश्वास सारंग के जन्मदिन पर पठन पाठन सामग्री एवं कंबल वितरण




सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेटमंत्री युवा नेता विश्वास कैलाश सारंग के जन्मदिन पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं युवा नेता राजेश त्रिवेदी द्वारा भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकत्त्राओं के साथ नगर के मठ स्कूल के छात्रों को कापी किताब एवं पेन वितरित करते हुये विद्यालय के शिक्षक परिवार का पेन भेंट कर स मान किया गया तथा नगर के जरूरतमंद गरीब व्यक्तियों को कंबल वितरित किये गये । पूर्व युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री त्रिवेदी द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार प्रदेश सरकार के कैबीनेट मंत्री का जन्मदिन पूरी गरिमा के साथ मनाया गया और केक काटकर सभी को मिष्ठान वितरित किया गया । श्री त्रिवेदी से पठन पाठन सामग्री प्राप्त कर कर पूरे विद्यालय ने मंत्री जी के मंगलमय जीवन की कामना की तो जरूरतमंदों ने कंबल प्राप्त कर मंत्री जी के दीर्घ यशस्वी जीवन की कामना की । श्री त्रिवेदी ने अपने नेता के जन्मदिन के अवसर पर पौधे भी वितरित कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया ।

### सारंग का व्यक्तित्व एवं कृतित्व युवाओं के लिये अनुकरणी – राजेश

इस अवसर पर राजेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्वास सारंग जी ने युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष से लेकर विधायक और मंत्री रहते हुये जनसेवा और युवाओं को मार्गदर्शन देने का जो काम किया है वह अनुकरणिय है । उनके दीर्घ मंगलमय जीवन की अनंत शुभकामनाओं के लिये इस प्रकार



के आयोजन पूरे प्रदेश में हो रहे है और ऐसी क्षमता वाले व्यक्तियों के प्रति इस प्रकार का भाव उनकी कार्यकुशलता से बनता है ।

श्री सारंग के जन्मदिन के कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष श्री दुबे, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम तिवारी, संतोष नगपुरे, भाजपा उत्तर मंडल के अध्यक्ष संजय सोनी, दक्षिण नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक दुबे, युवराज रांहगडाले, श्रीमती निर्मला ठाकुर, रविन्द्र अग्रवाल, संतोष चौरसिया, डॉ. प्रकाश अमरोदिया, समीर अग्रवाल, राज ठाकुर, अनूप मिश्रा, बाबा पांडे , भुनेश कुल्हाड़े, ऋषभ चौरसिया, अवधेश पिंकी त्रिवेदी, गोलू विजय मिश्रा, राजू यादव, रविशंकर भांगरे, राजा पराते, नित्तू सोनी, रूपेश मिश्रा, अतुल मोदी, अजय भोर, दीपक बघेल, विक्रांत दुबे, अंशुल चौरसिया, सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्त्ता इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।

### युवाओं के प्रेरणा श्रोत है विश्वास सारंग – आलोक

जन्मदिन के कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने कैबिनेट मंत्री श्री सारंग के स्वस्थ्य मंगलमय जीवन की कामना करते हुये कहा कि श्री सारंग का व्यक्तित्व और कार्यकुशलता युवाओं के लिय प्रेरणा श्रोत है उन्होंने युवा अवस्था से सक्रिय राजनीति करते हुये उल्लेखनीय कार्य किये है और सेवाभावी व्यक्ति है । उन्हें जो मुकाम मिला है वह उनकी कुशल संगठनात्मक और प्रशानिक क्षमता का परिणाम है ।

## 31 दिसंबर को छिंदवाड़ा चौक में एक शाम राम के नाम कार्यक्रम का आयोजन

सिवनी यशोः- रामवट सेवा समीति द्वारा आगामी 31 दिसंबर रविवार को शाम 6:00 बजे स्थानीय छिंदवाड़ा चौक में एक शाम प्रभु श्रीराम के नाम के रुप में एक विशाल धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें प्रभु श्रीराम की भव्य भजन संध्या तथा संगीतमय महाआरती होगी तथा इस दौरान विशाल भण्डारा भी रखा गया है। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम तिवारी द्वारा बताया गया कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम के दिव्य मंदिर का लोकार्पण हो रहा है जिस को लेकर लोगों में उत्साह व्याप्त है साथ ही यह हम सभी लोगों के लिए एक ऐसा ऐतिहासिक और गौरवशाली अवसर है जिसकी प्रतीक्षा देशवासियों द्वारा पिछले 500 वर्षा से की जा रही थी।

श्री तिवारी ने बताया कि इस




गौरवशाली अवसर को चिरस्मरणीय बनाने के साथ ही आगामी 22 जनवरी को लाकार्पित होने जा रहे दिव्य और आलौकिक राम मंदिर के लोकार्पण कार्यक्रम के लिए लोगों को प्रेरित तथा प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राम वट सेवा समीति द्वारा 31 दिसंबर से 22 जनवरी तक विभिन्न धार्मिक आयोजन श्रृंखलाबद्ध किये जायेंगे। इन सभी कार्यक्रमों में लोगों की सहभागिता आपेक्षित है साथ ही समस्त नगरवासियों से आग्रह है कि 31 दिसंबर की शाम को छिंदवाड़ा चौक में आयोजित होने वाले भजन, महाआरती में अधिक से अधिक सं या में शामिल होकर भण्डारा महसप्रसाद ग्रहण करें।

## लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के संकल्प के साथ जुट जायें - आलोक दुबे

सिवनी यशोः- सभी कार्यकर्ता आगामी दिनों में होने जा रहे लोकसभा चुनावों मे प्रचण्ड विजय के संकल्प के साथ जुट जायें हमें प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों में विजय प्राप्त करना है , पार्टी के सभी मोर्चा पदाधिकारी आगामी दिनों की पूरी कार्ययोजना बनाकर जिले से लेकर मंडल स्तर तक मतदाताओं के बीच पहुचने एवं उन्हे सरकार की योजनाओं और जनहित के कार्य से अवगत करायें। इस आशय की बात भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे द्वारा भाजपा कार्यालय में जिला पदाधिकारियों, मण्डल अध्यक्षों एवं मोर्चो के जिलाध्यक्ष की बैठक में कही गई।

श्री दुबे ने कहा कि प्रदेश में हुए चुनाव के दौरान युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसं यक मोर्चा ने जिस तरह अलग-अलग अभियान चलाकर जनता के बीच जो कार्य किया है उसने हमे प्रदेश में ऐतिहासिक विजय दिलाने में बड़ी भूमिका निभायी है। हमारी प्रदेश सरकार गरीब कल्याण की अनेकों योजनाएं चला रही है इन योजनाओं को जनता तक पंहुचाने के साथ ही पात्रों को इसका लाभ मिले हमें यह सुनिश्चित करना है सरकार की योजनाओं में जनता की सहभागिता और बढ़ायें ताकि भाजपा सरकार और बेहतर तरीके से जनता की सेवा कर सके । इसके अलावा हमें मतदाता सूची के कार्यक्रम में भी पूरी सजगता और सक्रियता से इसके पुनरीक्षण कार्य मे जुटना है एवं नव मतदाताओं के नामों को शामिल काराना है इस कार्य को हमें पूरी ग भीरता के साथ लेना होगा।

कार्यालय में आयोजित इस बैठक का संचालन जिला महामंत्री अजय डागोरिया द्वारा किया गया। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री जयदीप सिंह चौहान द्वारा भाजपा को मिली ऐतिहासिक विजय के लिए ''मतदाता वंदन, कार्यकर्ता अभिनंदन और मोदी जी का धन्यवाद'' के रुप में एक राजनैतिक प्रस्ताव रखा गया जिसमें कहा गया कि देष के यषस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व मध्यप्रदेष के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, सुशासन, विकास गरीब कल्याण के कार्य, महिला, युवा, किसान और गरीबों के लिए भाजपा की कल्याणकारी नीतियां, सभी वर्गो का भाजपा के प्रति विश्वास ही है जो प्रदेष की जनता ने हमें प्रचण्ड बहुमत से जिताया है इसके लिए प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद और कोटी-कोटी आभार साथ ही जिले एवं प्रदेश की जनता जनार्दन का वंदन और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हैं। इस प्रस्ताव का समर्थन जिला उपाध्यक्ष अनिल गोल्हानी, श्रीराम ठाकुर, संजू मिश्रा, श्रीमती गोमती ठाकुर एवं श्रीमती बिमला बरकड़े द्वारा समर्थन किया गया जिस पर बैठक में शामिल सभी पदाधिकारियों ने कर्तल ध्वनि के



साथ इसे पारित किया।

### जिले के सभी मंदिर 22 को अयोध्याधाम के रूप में सजायें

भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल ने बताया कि,बैठक में जिला अध्यक्ष श्री दुबे द्वारा कहा गया कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या मे भगवान श्रीराम लला विराजमान होने वाले हैं हर व्यक्ति इस दिन अयोध्या नही पंहुच सकता इसलिए हम सभी अपने-अपने क्षेत्रों के मंदिरों को उस दिन अयोध्या धाम की तरह सजायें वहां पूजा पाठ और भण्डारे का आयोजन करे। 22 जनवरी की षाम को हर घर के बाहर 11 दीपक जलाकर दीपावली जैसा उत्सव मनायें इसके लिए हम अपने कार्यकर्ताओं के साथ-साथ जनता की सहभागिता भी इसमें सुनिष्चित करें। यह हमारे लिए गौरव की बात है कि अयोध्या में अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट बन गया है जिसका नामकरण महर्शि वाल्मीकि जी के नाम पर किया गया है इस हेतु हम सभी प्रधानमंत्री जी के साथ ही यू.पी. के मु यमंत्री श्री योगी जी एवं नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी का भी आभार व्यक्त करते हैं।

### विश्वकर्मा योजना से एक लाख व्यक्ति लाभांवित हो

बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री विष्वकर्मा योजना पर अपनी बात रखते हुए कहा कि कार्यकर्तागण प्रत्येक विधानसभा में इस योजना से कम से कम 1 लाख लोग इससे लाभावित हो इस लक्ष्य को लेकर गांव गांव तक जाकर इस योजना के पात्र व्यक्तियों से संपर्क करे तथा उनका नामांकन कराये इस योजना के लिए केन्द्र सरकार द्वारा 13 हजार करोड़ रु. का बजट रखा गया है। इस बैठक में नमो एप के जिला प्रभारी डॉ. अभिजीत सिंह चौहान ने कहा कि सभी कार्यकर्तागण नमो एप को डाउनलोड करे तथा अन्य लोगों को भी जुडने के लिए प्रेरित करें । इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष प्रदीप राय, विजय उईके,श्रीनिवास मूर्ति, श्रीमती निर्मला ठाकुर, युवराज सिंह रहांगडाले, पीयूश दुबे, संजय सोनी, अभिषेक दुबे, श्यामसिंह कुमरे, आशीष मानाठाकुर सहित सभी जिला पदाधिकारी, मडल अध्यक्ष एवं मोर्चा के जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे बैठक में आभार प्रदर्शन श्रीनिवास मूर्ति द्वारा किया गया।

## सक्षम बारमाटे का सहायक संचालक स्कूल शिक्षा विभाग में हुआ चयन



सिवनी यशोः- बरघाट विकासखंड के ग्राम काठी जिला सिवनी के निवासी सक्षम बारमाटे ने MPPSC 2019 में सहायक संचालक, स्कूल शिक्षा विभाग का पद प्राप्त किया है। सक्षम ने अपने पहले प्रयास में सफलता प्राप्त की है। इससे पूर्व वे MPPSC 2020 में वाणिज्य कर निरीक्षक का पद प्राप्त कर चुके है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता बुद्धयश बारमाटे, माता श्रीमती सरोज बारमाटे, समस्त परिवारजनों और मित्रो को दिया है।

इनके पिता लाख के व्यवसाई और माता ग्रहणी है। सक्षम ने अपनी स्कूली शिक्षा हाई स्कूल अरी एवं ग्रेजुएशन बरकतुल्ला विश्वविद्यालय से मेकेनिकल इंजीनियरिंग में किया है। सक्षम ने बिना किसी कोचिंग के घर में रहते हुए ही तैयारी की है और लगातार सेल्फ स्टडी, सेल्फ मोटिवेशन और धैर्य को अपनी सफलता का मूल मंत्र माना है।

## खुले में मांस मछली विक्रय करने वाले 39 व्यवसायियों पर कार्यवाही

सिवनी यशोः खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग एवं नगरीय निकायों के संयुक्त दल द्वारा मांस-मछली दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बिना विहित खाद्य लाइसेंस, खुले में तथा अस्वच्छ स्तिथि में मांस-मछली विक्रय करने वाले कुल 39 व्यवसायियों पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम तहत कार्यवाही कर 13800 रु का जुर्माना वसूला गया।

निरीक्षण में सिवनी नगरीय निकाय अंतर्गत 6 दुकानदारों पर कार्यवाही कर 3000 रू, नगर परिषद बरघाट में 10 दुकानदारों से 1500 रू, नगर परिषद लखनादौन 14 दुकानदारों से 5400रू, नगर परिषद छपरा में 4 दुकानदारों से 1400 रू एवं नगर परिषद केवलारी में 5 दुकानदारों पर कार्यवाही कर 2500 रू अर्थदंड राशि वसूल की गई तथा शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करने की समझाइश दी गई। साथ ही दल द्वारा अस्वच्छ स्तिथि में रखे चिकन के 2 और मछली का 1 नमूना जांच हेतु लिया गया।

### जबरन नॉलेज



## बगैर परमिट चल रहे वाहनों के लिए परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों की जि मेदारी तय होगी - मु यमंत्री

**सभी जिला कले टर और पुलिस अधीक्षक रहें सतर्क**

**सुनिश्चित करें कि गुना जैसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो**

**मु यमंत्री डॉयादव नेगुना सेलौटकर मु यसचिव को दिए निर्देश**

भोपाल । मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि गुना हादसे में दोषियों के विरुद्ध स त कार्यवाही के लिए मु य सचिव को निर्देश दिए गए हैं। राज्य स्तर से सभी कले टर्स और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए जा रहे हैं कि यदि उनके क्षेत्र में बगैर परमिट के वाहन चलते हैं तो सतर्कता बरती जाए और दोषियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाएं। परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों की भी जि मेदारी तय कर स त कार्यवाही की जाए। मु यमंत्री डॉ यादव गुना दुर्घटना के प्रभावितों से भेंट के बाद गुना से लौटकर मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि गुना हादसे के लिए दोषी आरटीओ गुना और सीएमओ गुना को निलंबित किया गया है। गुना हादसे के बाद समय पर फायर ब्रिगेड उपलब्ध न कराए जाने के कारण नगर पालिका अधिकारी के निलंबन का कदम उठाया गया है।

मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियो का दायित्व निर्धारित करते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। ऐसी घटनाओं की पुनरावृति ना हो यह भी ध्यान रखा जाएगा। यह संवेदनशील विषय है। इस संबंध में राज्य सरकार ने सजगता से ऐसी दुर्घटनाओं पर अंकुश के लिए भी निर्देश दिए हैं। सभी जि मेदार लोगों के विरुद्ध राज्य सरकार आवश्यक रूप से स त कार्रवाई करेगी।

## 50 जनजातीय विद्यार्थियों ने किया मैपकास्ट और साइंस सेंटर का भ्रमण

**जनजातीय संग्रहालय में विद्यार्थियों ने समझी अपनी कला व संस्कृति**




भोपाल । जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सी.एम. राइज विद्यालय और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के बैतूल से आए 50 जनजातीय विद्यार्थियों ने गुरुवार को मैपकास्ट और क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र का भ्रमण किया। विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय का भ्रमण कराया गया जिससे वे अपनी कला व संस्कृति से परिचित हुए।

मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मैपकास्ट) और आई.आई.टी. गांधी नगर द्वारा नेहरू नगर में स्थापित एस.टी.ई.एम. वर्कशॉप सेंटर में विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान और अ यास की जानकारी दी गई। दो घंटे के शो में न्यूटन के नियम, बर्नोली के प्रमेय और बिजली उत्पादन आदि से संबंधित प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों ने भी सहभागिता की। उन्होंने एस.टी.ई.एम. पर आधारित गैलरी का भी अवलोकन किया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा जगाना रहा। क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र भ्रमण के दौरान विज्ञान के क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न क्रियात्मक शोधों के विषय में विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। उन्हें तारामंडल, 3डी वीडियो और अन्य विज्ञान संबंधी जानकारी भी दी गई। भ्रमण से जनजातीय विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त हुई।

## भोपाल में एक दिन में मिले कोरोना के पांच मरीज

**अब तक राजधानी में कोरोना के आठ मरीज एं टव है। दो मरीजों को सांस लेने में तकलीफ होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है।**

भोपाल। शहर में करीब दो साल बाद एक दिन में कोरोना के पांच मरीज मिले हैं। इससे पहले दिसंबर 2021 में कोरोना के पांच मरीज सामने आए थे। अब तक राजधानी में कोरोना के आठ मरीज एं टव है। दो मरीजों को सांस लेने में तकलीफ होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है।

जानकारी के मुताबिक जो मरीज मिले है, उन्होंने कोविशील्ड वें सन के दो डोज लगवाएं हैं। सीएमएचओ डा. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि ओपीडी में आने वाले सर्दी-खांसी के मरीजों की आरटीपीसीआर जांच कराई जा रही है। कोरोना का यह वैरिएंट ज्यादा खतरनाक नहीं है। चार-पांच दिन में मरीज खुद ठीक हो जाता है। लोगों को मास्क, सेनेटाइजर और सामाजिक दूरी का पालन करना चाहिए। अगर किसी रोगी में लक्षण मिलते हैं तो वह होम क्वारंटीन हो सकता है। चार से पांच दिनों में मरीज ठीक हो जाता है। कोरोना से बचाव के लिए आम जनता को भी जागरुक रहने की जरुरत है। यह वैरिएंट ज्यादा खतरनाक नहीं है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं की आप चिंता ना करे। सावधानी से रहे और मास्क का उपयोग ज्यादा से करे।

# अभूतपूर्व घटनाओं का वर्ष 2023

## नेतृत्व की नई ऊर्जा के साथ 2024 में प्रवेश

भोपाल । मध्यप्रदेश को अभूतपूर्व जनादेश के साथ नए मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव का नेतृत्व मिलना, राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की ऐतिहासिक प्रदेश यात्राओं, अनूठी विकास योजनाओं, जी-20 की ऐतिहासिक बैठकों, इंदौर में 17वें प्रवासी भारतीय स मेलन, सातवें ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट जैसे प्रतिष्ठित आयोजनों के कारण वर्ष 2023 मध्यप्रदेश के लिए अभूतपूर्व घटनाओं का वर्ष बन गया। विकास के कई क्षेत्रों में मध्यप्रदेश देश में आगे रहा।

वर्ष 2023 की शुरुआत से ही प्रदेश के समकालीन सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक इतिहास में उल्लेखनीय घटनाएं दर्ज होना शुरू हो गई थीं। वर्ष के आखिरी महीने में 13 दिसंबर को डॉ टर मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के 19 में मु यमंत्री के रूप में शपथ ली और 25 दिसंबर को 28 सदस्यों का मंत्रिमंडल बना। इसके साथ ही नई सरकार, नए ऊर्जावान नेतृत्व के साथ नई आशाओं से भरे 2024 में प्रवेश कर रही है।

वर्ष 2023 की शुरुआत इंदौर में आयोजित 17वें प्रवासी भारतीय दिवस स मेलन के शुभारंभ के साथ हुई जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने किया और समापन राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने किया। इसके बाद फरवरी महीने की शुरुआत में आवासहीन और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के हितों के लिए स्वराज नीति 2023 अस्तित्व में आई। खेलो इंडिया यूथ गे स का गरिमापूर्ण आयोजन हुआ। मध्यप्रदेश ने 39 स्वर्ण पदक जीते। भोपाल के पास इस्लामनगर को 308 सालों बाद अपना असली नाम जगदीशपुर और खोई पहचान मिली।

इंदौर नगर निगम ने सौर ऊर्जा के लिए ग्रीन बॉन्ड जारी कर इतिहास बनाया। इसी महीने एक और रिकॉर्ड बनाते हुए हैं मध्यप्रदेश ने 2657 अमृत सरोवर बनाकर देश में दूसरे नंबर पर रहा।

मार्च महीने की शुरुआत सातवें अंतर्राष्ट्रीय धर्म-ध म स मेलन के साथ हुई जिसका उद्घाटन राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने किया। इसके अलावा फसल क्षति की राहत राशि बांटने में देश में मध्यप्रदेश सबसे आगे रहा। पवित्र क्षेत्रों की सूची में दमोह के कुंडलपुर सिद्ध क्षेत्र और श्री जागेश्वर नाथ क्षेत्र को शामिल कर पवित्र क्षेत्र घोषित किया गया।

इसके बाद अप्रैल माह में मध्यप्रदेश राज्य मिलेट मिशन योजना लागू करने का निर्णय हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी रीवा में आयोजित राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए और गांव की सामाजिक, आर्थिक और पंचायत राज व्यवस्था को मजबूत बनाने संकल्प दोहराया। जल जीवन मिशन में बुरहानपुर जिला देश में आदर्श जिला बना। इसी महीने में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रसिद्ध मन की बात का 100 वां एपिसोड पूरा हुआ।

मई महीने की शुरुआत में ही 11 लाख से ज्यादा डिफाल्टर किसानों का 2123 करोड़ रुपए का कर्ज माफ हुआ। जल संसाधनों के प्रबंध-संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार मिला। मु यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में नया आयाम जोड़ते हुए देश में पहली बार बुजुर्गों को विमान से तीर्थ यात्रा कराई गई। उन्हें प्रयागराज तीर्थ ले जाया गया।

राज्य सरकार ने एक और महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए 31 दिसंबर 2022 तक की सभी अनाधिकृत कॉलोनियों को वैध कर दिया। साथ ही अवैध कॉलोनियों के बनने पर रोक लगा दी। मई के आखिर में 2752 कॉलोनियां को वैध घोषित किया गया। साथ ही अतिक्रमण से मुक्त 23000 एकड़ भूमि के उपयोग के लिए स्वराज कॉलोनी योजना लागू की गई। शहरी अधोसंरचना के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण इंदौर और भोपाल से मेट्रो रेल का ट्रायल रन हुआ। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की कने शनधारी बहनों को गैस रिफिल 450 रूपये में उपलब्ध कराने का ऐतिहासिक निर्णय भी इसी माह हुआ।

जून के महीने में 12वीं लास में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ई-स्कूटी देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। करीब 9000 विद्यार्थियों को ई-स्कूटी मिली। सहकारिता आंदोलन की दिशा में आगे बढ़ते हुए मध्यप्रदेश की सहकारिता नीति लागू की। अधोसंरचना विकास के लिए भी जून का महीना महत्वपूर्ण रहा जब प्रधानमंत्री से श्री नरेंद्र मोदी ने रानी कमलापति स्टेशन से पांच वंदे भारत ट्रेन को रवाना किया।

जुलाई महीने की शुरुआत में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने सर जीवाजी राव सिंधिया यूजियम ग्वालियर का अवलोकन किया। पूरे प्रदेश में 16 जुलाई से 14 अगस्त तक विकास पर्व मनाया गया, जिसमें विकास कार्यो से आम लोगों को परिचित कराया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शहडोल के लालपुर से राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन की शुरूआत की।

जुलाई का महीना प्रदेश के समकालीन इतिहास में इसलिए उल्लेखनीय रहेगा कि इस महीने में नीति आयोग ने विश्लेषण में बताया कि मध्यप्रदेश के एक करोड़ 36 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आ चुके हैं। डिजिटल लैंड रिकॉर्ड मैनेजमेंट में भी मध्यप्रदेश ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। वन्य जीव प्रबंधन में मध्यप्रदेश ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए टाइगर स्टेट दर्जा हासिल कर अंतर्राष्ट्रीय पहचान बनाई।

अगस्त महीने की शुरुआत में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने भोपाल में लोक जनजाति अभिव्यक्ति के पर्व ÷उत्कर्ष और उन्मेष÷ का शुभारंभ किया। इसी महीने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 1000 करोड रूपयों से 34 अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का विकास करने का संकल्प दोहराया। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में भी मध्यप्रदेश आगे रहा। प्रदेश को 1074 गांवों के समग्र विकास के लिए 210.90 करोड रुपए मिले। प्रदेश में सामाजिक समरसता के युग की शुरूआत करते हुए प्रधानमंत्री ने सागर जिले के बड़तूमा में संत रविदास स्मारक और कला संग्रहालय का भूमि पूजन किया।

सितंबर महीने की शुरुआत में महिला स्वयं-सहायता समूहों द्वारा संचालित देश के पहले टोल प्लाजा आगर मालवा के विश्व धरोहर चाचा खेड़ी उज्जैन के कायदा और छतरपुर के संजय नगर में शुरू हुए। विश्व प्रसिद्ध सांची देश की पहली सोलर सिटी बना। यहाँ 63 किलोवाट क्षमता के सौर संयंत्र घरेलू छतों पर लगाए गए। इससे वार्षिक 14000 टन से ज्यादा कार्बन डाइऑ साइड के उत्सर्जन में कमी आएगी। मु यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना इसी महीने लागू हुई। मध्यप्रदेश सां यकी आयोग बनाने वाला पहला राज्य बना। आध्यात्मिक गौरव को स्थापित करते हुए ओंकारेश्वर में आदिगुरू शंकराचार्य की 108 फीट ऊँची प्रतिमा की स्थापना हुई।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बीना में पेट्रो-केमिकल का प्ले स में 51 हजार करोड़ रूपये लागत की परियोजनाओं का शिलान्यास करते हुए कहा कि भारत को विश्व की प्रथम तीन अर्थव्यवस्थाओं में लाने में मध्यपदेश की भूमिका होगी।

मध्यप्रदेश को शामिल कर पांच राज्यों में चुनाव की घोषणा के साथ 9 अ टूबर को आचार संहिता लागू हुई और 17 नव बर को मतदान हुआ एवं 3 दिस बर को परिणाम आए। सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी को 163 विधानसभा सीटों पर विजय मिली। चुनाव में मतदान का प्रतिशत 77.15 रहा। महिलाओं का मतदान प्रतिशत 76.03 रहा। साल के अंतिम सासाह में 1282 तबला वादकों ने ग्वालियर में एक साथ वादन कर गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में स्थान दर्ज किया। डॉ. मोहन यादव ने 25 दिस बर को तबला दिवस घोषित किया।

## अपराधों के रोकथाम में नवाचार के लिए म.प्र. पुलिस को प्रथम पुरस्कार

**गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने किया स मानित - जेल एवं फॉरेंसिक विभाग को द्वितीय और प्रॉसी यूशन को तृतीय पुरस्कार**

**इसकी महत्वपूर्ण विशेषताएं इस प्रकार हैं**

***पैन इंडिया क्रिमिनल रिकॉर्ड सर्च**

***आइडेंटिफिकेशन ऑफ क्रिमिनल नेटवर्क**

***360 डिग्री प्रोफाइलिंग ऑफ सस्पे ट**

***नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है एसीआरबी**

भोपाल । राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी), गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मध्य प्रदेश पुलिस को डिजीटल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं इंटर आपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) का उपयोग करते हुए अपराधों की रोकथाम करने के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। मध्य प्रदेश पुलिस को आईसीजेएस (इन्टर-आपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम) के क्रियान्वयन में सराहनीय कार्य के लिए देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर ट्रॉफी प्रदान की गई। इसके साथ ही प्रदेश की फॉरेंसिक शाखा को देशभर में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है।

नई दिल्ली में 21-22 दिसंबर 2023 को आयोजित "Conference on Good Practices in CCTNS/ICJS, 2023÷ में यह पुरस्कार दिया गया। मु य अतिथि इंटेलिजेंस ब्यूरो के वर्तमान निदेशक श्री तपन कुमार डेका, श्री विवेक गोगिया (महानिदेशक, एनसीआरबी) सहित सभी राज्यों के प्रतिभागी उपस्थित थे।

डीजीपी श्री सुधीर कुमार से सेना ने इस उपलब्धि पर एडीजी (एससीआरबी) श्री चंचल शेखर एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि डीजीपी द्वारा आईसीजेएस के अधिक से अधिक कारगर उपयोग के लिए समय-समय पर मैदानी अमले को निर्देशित किया जाता रहा। नियमित समीक्षा भी की जाती रही। डीजीपी श्री से सेना ने कहा कि भविष्य में इसी प्रकार से अपराधों की विवेचना एवं पतारसी में आधुनिक तकनीक का उपयोग कर अपराधों की रोकथाम करते हुए मध्य प्रदेश पुलिस को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएं।

**शीघ्र एवं पारदर्शी विवेचना के लिए महत्वपूर्ण तकनीक है आईसीजेएस**

इन्टर-आपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) माननीय सर्वोच्च न्यायालय की ई-कमेटी की एक पहल है। यह आपराधिक एवं न्यायिक प्रणाली को त्वरित एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह एक ऐसी प्रणाली है, जिस पर पुलिस, जेल, फॉरेंसिक, प्रॉसी यूशन एवं न्यायिक विभाग आपस में जुड़े हैं। मु यतः आईसीजेएस एक एकीकृत पोर्टल है जो पुलिस, जेल, फॉरेंसिक, प्रॉसी यूशन और न्यायिक विभागों को एक संयुक्त स्थानीय न्यायिक प्रणाली में जोड़ता है, जो अपराधों की विवेचना और उनके खिलाफ कार्रवाई में सुधार करने में मदद करता है। इस प्रणाली का उद्देश्य अपराधों की रोकथाम, जांच और न्यायिक प्रक्रिया में सुधार करना है, ताकि विभिन्न संगठनों और विभागों के बीच सहयोग और कार्यप्रणाली में सुधार हो सके। इसका उद्देश्य अपराधों के खिलाफ न्यायिक कार्रवाई में तेजी, पारदर्शिता और नागरिकों को बेहतर न्याय पहुंचाना है।

मध्यप्रदेश में आईसीजेएस के क्रियान्वयन में राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो (एससीआरबी) नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है। एससीआरबी सभी पिलर्स के नोडल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करता है, ताकि आईसीजेएस का सुचारू संचालन किया जा सके एवं शीघ्रता से अपराधों की विवेचना और न्यायिक प्रक्रिया का क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। एसआरबी द्वारा सभी पिलर्स की मासिक बैठक लेकर समस्याओं का समाधान करने के साथ ही इनकी रिपोर्ट माननीय उच्च न्यायालय की ई-कमेटी को प्रेषित की जाती है।

**अपराधों पर नियंत्रण का मापदंड होता है चयन का आधार**

एनसीआरबी द्वारा पूरे देश में घटित अपराध एवं अपराधियों से संबंधित मामलों की सतत मॉनिटरिंग की जाती है। एनसीआरबी की वार्षिक रिपोर्ट में यह बताया जाता है कि पूरे देश में किस राज्य द्वारा आईसीजेएस के माध्यम से अधिक से अधिक अपराधियों की खोजबीन की गई एवं अन्य पिलर्स के द्वारा समन्वय स्थापित कर अपराधों की रोकथाम में या प्रयास किए गए। पुरस्कार देने का मु य मापदंड आईसीजेएस के माध्यम से अपराध की रोकथाम करना है। अपराधों के नियंत्रण में आईसीजेएस का उपयोग करते हुए मध्य प्रदेश पुलिस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## ईश्वर ने जो भी दिया है, उसे ताक़त बनाकर आगे बढ़ें- राज्यपाल श्री पटेल



**राज्यपाल ने आरूषि संस्था के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन कर दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चों से किया आत्मीय संवाद**

भोपाल । राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने आज दिव्यांग बच्चों की पुनर्वास संस्था आरूषि के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। श्री पटेल ने राजभवन के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित कार्यक्रम में दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चों से आत्मीय संवाद किया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि दिव्यांग बच्चों में यदि कोई शारीरिक कमी है, तो उन्हें ईश्वर ने दिव्य शक्ति भी जरूर दी है। आवश्यकता है उसे पहचान कर, अपनी ताकत बनायें और जीवन में आगे बढ़ें। उन्होंने इसके लिये जन जागृति की जरूरत बताई। इस दिशा में कैलेंडर को सार्थक पहल बताया।

**जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्य से बच्चे लें प्रेरणा**

राज्यपाल श्री पटेल ने दिव्यांग बच्चों को चित्रकूट के जगद्गुरु दृष्टिबाधित दिव्यांग श्री रामभद्राचार्य का उदाहरण देकर प्रेरित किया। उन्होने कहा कि जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्य दृष्टिबाधित होने के बावजूद 22 भाषाओं के जानकार हैं। उनकी ज्ञानार्जन की इच्छा, जीवन के प्रति उमंग और उत्साह, हम सबके लिए प्रेरणादायी है।

**ओनेश की प्रशंसा की**

राज्यपाल श्री पटेल ने दिव्यांग ओनेश द्वारा सुनाई गई कविता ÷मैं देख नहीं सकता पर महसूस कर सकता हूँ....÷ की सराहना की। दिव्यांग स्नेहा ने राज्यपाल को संस्था से जुड़े अपने अनुभव सुनाए। श्री पटेल ने आरूषि संस्था के दिव्यांग बच्चों के पुनर्वास प्रयासों की सराहना की। उन्होंने संस्था के स्टॉफ और सभी बच्चों के साथ समूह चित्र भी खिंचवाये।

## मु यमंत्री के निर्देश पर रातभर वरिष्ठ अधिकारियों ने एक साथ किया थानों का औचक निरीक्षण

**डीजीपी ने एक बजे औबेदुल्लागंज, ढाई बजे बिलखिरिया और चार बजे टीटी नगर थानों का किया निरीक्षण**

**सभी आईजी/डीआईजी/एसपी द्वारा रात 12 से 5 के बीच किया 125 से अधिक थानों का औचक निरीक्षण**

भोपाल । मु यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को रात्रि भ्रमण के लिये निर्देशों के पालन में बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात डीजीपी से लेकर एसपी तक के सभी पुलिस अधिकारियों ने मध्य प्रदेश के थानों का एक साथ औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बीती रात पूरे प्रदेश में आईजी से लेकर एसपी तक के समस्त पुलिस अधिकारियों ने अपने कार्यक्षेत्र के सवा सौ से अधिक थानों का औचक निरीक्षण किया। डीजीपी रात एक बजे औबेदुल्लागंज, ढाई बजे बिलखिरिया और प्रातः चार बजे टीटी नगर थाने के औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। टीटी नगर थाने में डीजीपी श्री सुधीर कुमार से सेना ने भोपाल पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों की बैठक भी ली।

**प्रदेश में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के दिए निर्देश**

डीजीपी श्री सुधीर से सेना ने बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात औबेदुल्लागंज, बिलखिरिया और भोपाल के टीटी नगर थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर का गहनता से अवलोकन कर बड़ी सं या में खड़े वाहनों को देखकर विधिसमत निराकरण के आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने थानों में लॉकअप, महिला सुरक्षा डेस्क तथा सीसीटीएनएस कार्य का निरीक्षण किया और मालखाने में अनावश्यक रूप से पड़े सामान के निराकरण के लिए



आवश्यक निर्देश दिए। डीजीपी ने वारंट रजिस्टर का अवलोकन कर समन तथा वारंटों की तामीली की समीक्षा की एवं तामीली में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने औबेदुल्लागंज और बिलखिरिया थाने के विभिन्न ग्रामों की विलेज क्राइम नोटबुक का अवलोकन किया तथा ग्रामीण अंचलों की आपराधिक स्थिति की जानकारी प्राप्त की और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

**डीजीपी ने आईसीजेएस की समीक्षा की**

डीजीपी ने रात एक बजे औबेदुल्लागंज थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने औबेदुल्लागंज थाने में समन वारंट की तामीली की समीक्षा की और वारंट रजिस्टर के उचित संधारण के निर्देश दिए। इस संबंध में थाने की कार्यप्रणाली पर अप्रसन्नता व्यक्त की। यहां डीजीपी श्री से सेना ने स्वयं क प्यूटर का संचालन कर आईसीजेएस की समीक्षा की। यहां उन्होंने मालखाने का भी अवलोकन किया। उन्होंने थानों की केस डायरी की समीक्षा की एवं एसडीओपी द्वारा विवेचना किए जा रहे प्रकरणों की समीक्षा कर सुधार के निर्देश दिए।

**अपराधों के निराकरण के लिए नवीन तकनीकों का प्रयोग करें**

बिलखिरिया में जब्त वाहनों के निपटान के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने थाना भवन के जीर्णोद्धार कार्य की प्रशंसा की। सीसीटीएनएस पर किए जा रहे कार्यो की समीक्षा कर उन्होंने अपराधों के निराकरण के लिए नवीन तकनीकों का अधिक से अधिक प्रयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने सीसीटीवी सर्विलांस कैमरों के परिचालन तथा पेंडिंग अपराधों की भी समीक्षा की। डीजीपी ने बिलखिरिया थाना क्षेत्र में बीट प्रणाली की समीक्षा की तथा पूर्व में पुलिस मु यालय द्वारा आरक्षक एवं प्रधान आरक्षक को बीट प्रभारी बनाने के निर्देशों की तामीली की जानकारी प्राप्त की एवं बीट सिस्टम को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए।

**सुबह चार बजे भोपाल पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों की ली बैठक**

डीजीपी श्री से सेना प्रातः चार बजे भोपाल के टीटी नगर थाने के औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। इस दौरान डीजीपी श्री से सेना ने भोपाल पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों की बैठक ली और कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पुलिस की बल की कमी की समीक्षा की और उपलब्ध बल के प्रभावी उपयोग के संबंध में निर्देश दिए। हाल ही में मु यमंत्री जी द्वारा प्रमोशन के संबंध में दिए गए निर्देशों के पालन के लिए डीजीपी ने पुलिस कमिश्नर, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर, डिप्टी पुलिस कमिश्नर से कहा कि शीघ्र प्रमोशन संबंधी कार्यवाही की जाए ताकि इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर/कर्मचारियों की पूर्ति हो सके। इस दौरान कमिश्नरेट के सहायक पुलिस आयुक्तों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की।

**वरिष्ठ अधिकारियों ने भी किया निरीक्षण**

डीजीपी श्री सुधीर कुमार से सेना द्वारा प्रदेश के सभी आईजी/डीआईजी/एसपी एवं भोपाल तथा इंदौर के पुलिस आयुक्त/उपायुक्त को रात को भी अपने-अपने क्षेत्र के थानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए, जिसमें आईजी/डीआईजी को उनके मु यालय के बाहर के जिलों के थानों तथा एसपी को जिला मु यालय के बाहर के थानों के निरीक्षण के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अपराधों की समीक्षा, थानों का रिकॉर्ड का संधारण तथा समन वारंट तामीली की समीक्षा की गई। निर्देशों के पालन में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात प्रदेश के सभी जिलों में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने सवा सौ से अधिक थानों का औचक निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों में तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत आवेदन आमंत्रित

मंडला यशोः- मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत जिले में स्वरोजगार की संभावना एवं स्वयं का रोजगार स्थापित करने के उद्देश्य से मण्डला के लिए 28 हितग्राहियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बोर्ड द्वारा विभिन्न रोजगारन्मुखी व्यवसायों जैसे सिलाई, रेडीमेड गारमेंट, बेकरी, फूड प्रोसेसिंग, क प्यूटर हार्डवेयर रिपेयरिंग, प्ल बर, दोना पत्तल, टू-व्हीलर, थ्री-व्हीलर, मर मत, ट्रे टर रिपेयरिंग, मोबाईल रिपेयरिंग, ढाबा रेस्टोरेन्ट, राईस मिल, फोटो कॉपी, क प्यूटर ऑनलाईन सर्विस, आटा चक्की, तेल मिल, टेन्ट हाउस, फर्नीचर निर्माण एवं रेपेरिंग, निर्माण कार्य से सबंधित आदि ट्रेडों में ऑनलाइन आवेदन पत्र भरकर स्वयं का व्यवसाय किये जाने हेतु आवेदन कर सकते ह

## अ यर्थियों के व्यय लेखा की जांच के लिए तिथि निर्धारित

मंडला यशोः- जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अ यर्थियों के व्यय लेखा का 1 जनवरी तथा 3 जनवरी 2024 को प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक किया जाएगा। संबंधितों को स्वयं अथवा अधिकृत अभिकर्ता द्वारा व्यय लेखा लेकर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

# सनातन धर्म के लिए मील का पत्थर बना अष्टलक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा बोले नर्मदा नंदगिरी जी महाराज



मंडला यशोः- जिला मु यालय से लगे देवदरा के मेहर बाबा कुटी प्रागंण में 17 दिसंबर से आयोजित श्री अष्टलक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा का 25 दिसंबर को समापन किया गया। 15 दिसंबर को जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज द्वारका शारदा पीठ ने इस महायज्ञ की शुरूआत की थी उन्होंने यहां पर एक धर्मसभा को संबोधित करते हुए परम ब्र हा परमेश्वर से इस यज्ञ के सफल होने की कामना की थी। वहीं समापन के अंतिम दिवस प्रातः काल से ही श्री अष्टलक्ष्मी यज्ञ का पूजन आरंभ किया गया। जो दोपहर को पूर्णाहूति के साथ स पन्न हुआ। इस दौरान पंडित रामगोपाल शास्त्री नीलू महाराज ने यज्ञ का महत्व बताया। उन्होंने कहां कि यज्ञ हमेशा विश्व कल्याण के लिए किए जाते हैं यह सनातन से चला आ रहा है। यज्ञ शब्द की उत्पत्ति युग धातू से हुई है जिसका तात्पर योग जोडना होता है। वैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो धरती में गुरत्वाकर्षण के कारण जो भी उछाली जाती है वह वापस आ जाती है। देवता सूक्ष्म रूप से अंतरिक्ष में रहते हैं। हवन में जो आहूति डाली जाती है वह घूरम और ज्वाला के रूप में परिवर्तित हो जाती है जो अंतरिक्ष में जाती है वापस नहीं आती है। वही देवता को मिलता है। पंडित नीलू महाराज ने बताया कि मंत्रो से ऊर्जा शक्ति मिलती है। अब राम राज की स्थापना हो रही है भगवान राम राजा बन रहे हैं। फिर से लोग धर्म की और लौट रहे हैं। सनातन धर्म में यज्ञ श्रेष्ठ कार्य माना जाता है। उनका यह 53 वां यज्ञ है। देवदरा में आयोजित श्री अष्ट लक्ष्मी महायज्ञ के लिए बनी यज्ञ शाला में 65 नदियों का जल रखा गया था। वहीं 35 तीर्थों की मिट्टी है जिसकी परिक्रमा कर लोग ने धर्म लाभ लिया। वहीं दोपहर को श्रीमद् भागवत महापुराण वाचन किया गया। जिसमें श्रीकृष्ण की लीलाओं का सार बताया गया कथा समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया है। भंडारे में अन्नपूर्णा माता को नमन करते हुए कल्पतरू कल्पना माता ने देवी देवताओं का आव्हान किया और भव्य भंडारे को आरंभ कराया यहां पर हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की देर रात तक भंडारा चलता रहा। इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी सं या में श्रद्धालु शामिल हुए। यज्ञ के अंतिम दिवस नर्मदा नंदगिरी जी महाराज अमरकंटक वाले, स्वामी नरसिंह दास जी महाराज नरसिंह मंदिर जबलपुर एवं स्वामी पंगलानंद जी महाराज दादा दरबार जबलपुर का आगमन हुआ। उपस्थित संतो को धर्मगुरू पं. नीलू महाराज ने बताया कि इस यज्ञ शाला के अंदर के कलशों में 35 पवित्र नदियों का जल एवं चार समुद्रों का जल एवं 24 तीर्थों की मिट्टी छोड़ी जायेगी जिनमें नैमिसारन्य, काशी, वृंदावन, चारों धाम, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम, द्वारिका, बद्रीका धाम, हरिद्वार, रेवा सागर संगम पुष्कर की मिट्टी प्रमुख है। 9 कुंडीय यज्ञ शाला में पूर्व द्वार पर शंख, दक्षिण द्वार पर चक्र, पश्चिम द्वार पर गदा एवं उत्तर द्वार पर कमल स्थापित किया गया है। वहीं खंभात की खाडी गुजरात से लाए गये अति विशिष्ट श्रीयंत्र का मान सरोवर से लाए गये श्रीयंत्र का अभिषेक हुआ है। अष्टलक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ में जिस गौर गणेश का पूजन हुआ है यह गौर गणेश की गोबर की मूर्ति भारत की सबसे बड़ी गौशाला जडखोर राजस्थान की गौशाला से लाई गई है यह गौशाला श्रीकृष्ण की नित्य गौ चरण स्थली है। जहां पर 40 हजार गौवंश है। सप्त मृतिका में उपयोग होने वाली गौ रज श्री सूर श्याम गौ शाला चंद्र सरोवर गोवर्धन उत्तर प्रदेश से लाई गई है। चंद्र सरोवर गोवर्धन से जल और मिट्टी लाई गई है यहां चंद्रमा का प्राकट्य हुआ था। साथ ही मानसी गंगा का जल और श्री राधा कुंड का जल गोवर्धन परिक्रमा मार्ग से लाया गया है। जिन्होंने इस कार्यक्रम की जमकर प्रशंसा की और कहा कि इस तरह के आयोजन कम देखने को मिलते हैं। यहां पर 1100 महिलाओं की सुहागली कराई गई थी इस पर भी संत समाज ने मातृशक्तियों को बधाई दी है। वहीं कथा स्थल में संत स मलेन और ब्रा हण भोज भी कराया गया। उपस्थित संतो ने कहा कि धर्म की स्थापना और सनातन धर्म की रक्षा हर हिन्दू का कर्तव्य है। संत समाज ने गीता जयंती के आयोजन पर भी प्रशंसा की है। इस दौरान संत समाज का मंच से स मान किया गया। वहीं लगभग 200 सामाजिक लोगों का मंच से स मान हुआ उन्होंने स मान पत्र के साथ श्रीफल भी भेंट किया गया। कार्यक्रम आभार प्रगट समाजसेवी नीरज अग्रवाल द्वारा किया गया। इस धार्मिक आयोजन में तन मन धन से सहयोग करने वाले सभी लोगों को वरदान आश्रम अंजनिया के प्रमुख और इस धार्मिक आयोजन के मुखिया कथावाचक पं. रामगोपाल शास्त्री नीलू महाराज ने आभार व्यक्त किया है।

## 2 दिवसीय प्रवास पर मंडला पहुँचे महामहिम राज्यपाल



मंडला यशोः- महामहिम राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का मंडला आगमन हुआ। 2 दिवसीय प्रवास पर मंडला आए महामहिम राज्यपाल का महाराजपुर संगम स्थित हेलीपेड पर कले टर डॉ. सलोनी सिडाना, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा एवं अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। महामहिम राज्यपाल 30 दिसंबर 2023 को सरस्वती शिशु मंदिर मंडला स्कूल के स्वर्ण जयंती समारोह तथा ग्राम रयगांव में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## अ यर्थियों के व्यय लेखा की जांच के लिए तिथि निर्धारित

मंडला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के प्रत्येक अ यर्थियों के व्यय लेखा की जांच के लिए तिथियां निर्धारित की गई हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अ यर्थियों के व्यय लेखा का 1 जनवरी तथा 3 जनवरी 2024 को प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक किया जाएगा। संबंधितों को स्वयं अथवा अधिकृत अभिकर्ता द्वारा व्यय लेखा लेकर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल स मान योजना से रियायती ब्याज पर मिलेगा ऋण

मंडला यशोः- भारत सरकार द्वारा 17 सित बर 2023 से देश के शिल्पकार बढाई, सुनार, लोहार, राजमिस्त्री, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, ताला बनाने वाले, अस्त्रकार, मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाले, पत्थर तोड़ने वाले, मोची, जूता बनाने वाला कारीगर, नाव निर्माता, टोकरी ,चटाई, झाडू बनाने वाला गुड़िया और खिलौन निर्माता, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, फिशिंग नेट निर्माता, आदि कारीगरों के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल स मान योजना प्रार भ की गई है। इस योजना में 18 वर्ष से 50 वर्ष तक की आयु के कारीगर शामिल हो सकते हैं। योजनान्तर्गत पात्र हितग्राहियों को रियायती ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा जिसके के लिए ब्याज दर 5 प्रतिशत तय की गई है। प्रथम चरण में 1 लाख रूपए का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। उसके बाद योजना के द्वितीय चरण में 2 लाख रूपए तक का लोन लिया जा सकता है। सभी पात्र शिल्पी अपना पंजीयन नजदीकी कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) में जाकर करा सकते हैं। पंजीयन के लिए आधार कार्ड का मोबाईल न बर से लिंक होना आवश्यक है। योजना में पंजीयन के पश्चात प्रशिक्षण, टूलकिट तथा ऋण आदि का प्रक्रिया प्रार भ की जाएगी।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल स मान योजना से रियायती ब्याज पर मिलेगा ऋण

मंडला यशोः- भारत सरकार द्वारा 17 सित बर 2023 से देश के शिल्पकार बढाई, सुनार, लोहार, राजमिस्त्री, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, ताला बनाने वाले, अस्त्रकार, मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाले, पत्थर तोड़ने वाले, मोची, जूता बनाने वाला कारीगर, नाव निर्माता, टोकरी ,चटाई, झाडू बनाने वाला गुड़िया और खिलौन निर्माता, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, फिशिंग नेट निर्माता, आदि कारीगरों के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल स मान योजना प्रार भ की गई है। इस योजना में 18 वर्ष से 50 वर्ष तक की आयु के कारीगर शामिल हो सकते हैं। योजनान्तर्गत पात्र हितग्राहियों को रियायती ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा जिसके के लिए ब्याज दर 5 प्रतिशत तय की गई है। प्रथम चरण में 1 लाख रूपए का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। उसके बाद योजना के द्वितीय चरण में 2 लाख रूपए तक का लोन लिया जा सकता है। सभी पात्र शिल्पी अपना पंजीयन नजदीकी कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) में जाकर करा सकते हैं।

## विकसित भारत संकल्प यात्राः दिलाई गई भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ

मंडला यशोः- विकसित भारत संकल्प यात्रा 28 दिसंबर को बिछिया विकासखंड के ग्राम माझीपुर एवं कटंगामाल, बीजाडांडी में खापामाल एवं जमठार, मवई में परसाटोला एवं देवरीदादर, मोहगांव में झुरगीपोंड़ी एवं गिठार, नैनपुर में देल्हा एवं जमगांव, नारायणगंज में कू हा एवं पदमी पंचायत पहुंची जहां पर स्थानीय लोगों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न खेल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों के जीवन में आए बदलाव से संबंधित अनुभव भी साझा किए गए। मंचासीन अतिथियों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण किया गया। साथ ही उपस्थितजनों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणजनों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी, विभिन्न योजनाओं के हितग्राही तथा बड़ी सं या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**आज इन पंचायतों में पहुँचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा**

विकसित भारत संकल्प यात्रा 29 दिसंबर को बिछिया विकासखंड के ग्राम खटोला एवं डीलवारा, बीजाडांडी में बेलखेड़ी एवं रमतिला, मवई में पिपरीमाल एवं घुटास, मोहगांव में मोहगांवमाल एवं गिठारमलपहरी, नैनपुर में ईश्वरपुर एवं रमपुरी तथा नारायणगंज में खैरी एवं देवरी पंचायत पहुंचेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा का समापन 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर होगा।

## मतदान दल की रवानगी 4 को

मंडला यशोः- पंचायतों के उप निर्वाचन (उत्तरार्द्ध) हेतु नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायतों में पंच, सरपंच एवं पार्षद के रिक्त पदों के लिए 5 जनवरी 2024 को मतदान कराया जाएगा। जिसके लिए जनपद पंचायत मंडला, जनपद पंचायत नारायणगंज तथा नगर परिषद ब हनी बंजर से मतदान दलों की रवानगी 4 जनवरी 2024 को प्रातः 10 बजे होगी।

## पूर्व इनकम टै स कमिश्नर टी. के. वैद्य का सिवनी पर्याटन प्रवास

### वरिष्ठ अधिवक्ता अभिनंदन दिवाकर जी से भेंटकर दी उनके शतायु जीवन की कामना के साथ 95 वे जन्मदिन पर शुभकामनाएं

सिवनी यशोः- इनकम टै स कमिश्नर जबलपुर के उच्च शासकीय पद से सेवा निवृत जैन समाज के गौरव , परम मुनि भक्त माननीय टी .के. वैद्य जी का विगत गुरूवार की मध्यान्ह को सिवनी नगर में अल्प प्रवास हुआ। पर्यटन एवं तीर्थ यात्रा का लक्ष्य ले इंदौर से श्री वैद्य सपत्नीक अपने मित्रो के साथ मध्यप्रदेश के जबलपुर छिंदवाड़ा संभाग के जैन मंदिर एवं प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के क्रमशः दर्शन एवं निरीक्षण को निकले हुए है। इसके पूर्व भी वर्ष 2021 में पूज्य मुनि श्री आदित्यसागर जी महाराज के चातुर्मास प्रवास में आपका सप्तनीक सिवनी आगमन हुआ था।

वर्तमान सिवनी प्रवास के दौरान नगर में स्थापित विश्व वि यात गगनचुंबी जैन मंदिर,रजत वेदिका में विराजित बड़े बाबा एवं रजत रथ के दर्शन कर श्री वैद्य एवं उनके साथ पधारे उनके सभी मित्र गण हर्ष से भाव विभोर हो उठे। इस अवसर पर यशोधर दिवाकर एवं पारस जैन इन विशिष्ट दर्शनार्थियों के साथ मंदिर जी में उपस्थित रहे।



शुक्रवारी बाजार स्थित दिवाकर सदन में श्री यशोधर दिवाकर द्वारा उनका सामुहिक भाव भीना अभिनंदन किया गया। यहां स्थित भगवान शांतिनाथ स्वामी के चैत्यालय , आचार्य शांतिसागर चरण, जापमाला, एवं मयूर पिच्छिका जैसी अनमोल विरासतों के साथ जिनागम प्रणीत बहुमूल्य जिनवाणी ग्रंथो,पंडित सुमेरू चन्द जी दिवाकर द्वारा रचित आचार्य शांतिसागर जीवन गाथा चारित्र चक्रवर्ती ग्रंथ जैसे अनेक बहुमूल्य ग्रंथ साहित्यों का दर्शन कर उन्होंने सिवनी जैन समाज के वयोवृद्ध विद्वान एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अभिनंदन जी दिवाकर से भेंट कर उन्हे उनके विगत 11 दिसंबर के 95 वे जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जैन विद्वत जगत में आचार्य शांतिसागर महाराज के जीवन को अपनी कलम के माध्यम से सारे जगत में प्रकाशित करने वाले वि यात जैन विद्वान पण्डित सुमेरूचंद जी दिवाकर से मैं प्रारंभ से ही प्रभावित रहा हूं। श्री भारत वर्षीय दिगंबर जैन महासभा के माध्यम से भी दिवाकर परिवार की वर्तमान पीढ़ी के सदस्य भाई यशोधर जी दिवाकर से जुड़ने का अवसर मिला। हम सभी को अनुकरणीय रहेगा कि पीढ़ियों से देव शास्त्र और गुरू के प्रति स यग श्रद्धान आपका समूचा परिवार जिनधर्म की सेवा के साथ कर रहा है।

दिवाकर सदन में चाय एवं स्वल्पाहार ग्रहण करने के उपरांत श्री वैद्य सिवनी की सुखद स्मृतियों को संजोए अपने साथियों सहित श्री मुनिसुव्रतनाथ जैन अतिशय क्षेत्र समर्पण तीर्थ झिलमिली के दर्शनार्थ रवाना हुए।

# सप्त दिवसीय गीता सत्संग का सफल आयोजन संपन्न

### भगवान श्री कृष्ण, भगवती गीता महारानी की कृपा तथा पूज्य गुरुदेव के आशीर्वाद का प्रसाद है - निर्विकल्प स्वरूप जी

सिवनी यशोः- *पुनीत आयोजन में परोक्ष और प्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करने वाले समस्त



श्रद्धालु जनों को साधुवाद। ज्ञातव्य है कि स्मृति लान सिवनी में विगत 18 दिसंबर से 24 दिसंबर तक, गीता जयंती के उपलक्ष में सप्त दिवसीय गीता सत्संग महोत्सव का सफल आयोजन, *गीता पराभक्ति मंडल* के तत्वावधान में सआनन्द संपन्न हुआ।

इस पुनीत आयोजन में, ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य महाराज श्री के कृपा-पात्र शिष्य गीता मनीषी पूज्य ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूप जी के मुखारविंद से गीता के छठवें अध्याय आत्म संयम योग पर आधारित प्रवचन हुए ?? ।सप्त दिवसीय प्रवचन माला में, पूज्य ब्रह्मचारी जी ने वेद वेदांग, भगवान शंकराचार्य भाष्य, महापुरुषों द्वारा रचित ग्रंथों तथा अपने पू.गुरुदेव महाराज श्री के पावन सानिध्य में प्राप्त ज्ञान तथा अनुभव और लौकिक दृष्टांतों के माध्यम से ,मंत्र मुग्धशैली में प्रवचन प्रवाहित किया। सफल आयोजन के समापन पर, गीता पराभक्ति मंडल के तत्वाधान में समीक्षा बैठक रखी गई।

गीता मनीषी पूज्य ब्रह्मचारी जी के पावन सानिध्य तथा मंडल के *अध्यक्ष -पं.आचार्य सनत कुमार उपाध्याय जी* की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में- आयोजन से संबंधित लेखा-जोखा, कार्यक्रम संयोजिका-श्रीमती ममता- श्री राम बघेल द्वारा प्रस्तुत किया गया। बैठक में उपस्थित सभी दायित्ववान पदाधिकारी एवं सदस्यों ने आयोजन को सफल, सुफला बताते हुए, अपने-अपने विचार और सुखद अनुभूति का उल्लेख किया।

मंडल के उत्साहित पदाधिकारी ने स्वेच्छा से प्रतिमाह मंडल के कोष में अपनी ओर से सहयोग राशि जमा करने का संकल्प व्यक्त किया । गीता पराभक्ति मंडल के व्यापक प्रचार-प्रसार की दृष्टि से, सर्वस मति से *श्री बसंत बघेल को अतिरिक्त संगठन मंत्री का दायित्व सोपा गया*।

पूज्य ब्रह्मचारी जी ने सफल आयोजन पर प्रसन्नता और संतोष व्यक्त करते हुए ,इसे योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण और भगवती गीत महारानी की कृपा तथा पूज्य गुरुदेव के आशीर्वाद का प्रसाद निरूपित किया।

आप श्री ने, सप्त दिवसीय ज्ञान यज्ञ सत्संग को सफल बनाने में परोक्ष और प्रत्यक्ष रूप से सहयोगी रहे ,समस्त गीता प्रेमी तथा जिले के सभी मीडिया पत्रकार बंधु , सुधि श्रोताओं को साधुवाद प्रदान किया है ?।

27 दिसंबर को पूज्य ब्रह्मचारी जी ने सिवनी से केवलारी, खैरलांजी होते हुए परमहंसी आश्रम झोतेश्वर के लिए प्रस्थान किया?। मोक्षदायिनी भगवती गीता की शब्द रुपी मूर्ति का साक्षात्कार करने वाले- गीता मनीषी पू.ब्रह्मचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी के प्रति, सिवनी जिले के समस्त गीता प्रेमियों की ओर से कृतज्ञता ज्ञापित कर श्री चरणों में नमन किया गया।

इस गरिमामयी बैठक में *फोटो चित्र में दृष्टव्य* गीता प्रेमी नर - नारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आगाज

### निवास विधायक चैनसिंह वरकड़े ने फीता काटकर की टूर्नामेंट की शुरुआत

मंडला यशोः- जिले के बड़े टूर्नामेंट में एक मुगदारा में होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता का सोमवार को आगाज हो गया। टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर मु य अतिथि के रूप मे निवास विधानसभा के विधायक चैन सिंह वरकड़े, अखिलेश कछवाहा, रंजीत ऊईके के साथ ही बड़ी सं या मे जनप्रतिनिधि शामिल हुए। टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर उद्घाटन मैच आजाद 11 टिकरिया एवं एंगल स्पोर्ट्स` लब बालपुर घंसौर के बीच खेला गया जिसमें दोनों ही टीमों द्वारा जबरदस्त प्रदर्शन किया गया।

जिसमें एंगल स्पोर्ट्स` लब नेट टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी और बल्लेबाजी के लिए आजाद 11 टिकरिया को आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आजाद 11 टिकरिया ने निर्धारित 12 ओवर में 67 रन बनाए, 67 रनों के जवाब में खेलने उतरी एंगल स्पोर्ट्स` लब 52 रनों पर ऑल आउट हो गई और प्रतियोगिता के शुभारंभ मैच में 15 रनों से आजाद 11 टिकरिया ने जीत दर्ज की। मैच में आजाद 11 टिकरिया के गौरव को मैन ऑफ द मैच चुना गया जिन्होंने तीन ओवर में 11 रन देते हुए चार विकेट झटके।

गौरतलब है कि इस बार यहां विजेता टीम को 3.51 लाख एवं उपविजेता टीम को 1.51 लाख रुपए पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे। जानकारी के अनुसार ब हनीबंजर के समीपी ग्राम मुगदरा में 25 सितंबर 2023 से देश की चिन्हांकित क्रिकेट प्रतिभागी टीमों की उपस्थिति में आल इंडिया ओपन चैलेंज टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन शासन से पंजीकृत संस्था रेवांचल स्पोर्ट्स समिति मुगदरा के तत्वावधान में आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष राजेश पटेल और मीडिया प्रभारी सावन सिंह ठाकुर ने बताया कि क्रिकेट के बढ़ते पायदानों और युवाओं का रुझान को देखते हुए यहां पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष आल इंडिया ओपन चैलेंज टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। जिसमें देश की चिन्हांकित लगभग 66 क्रिकेट टीमों को आमंत्रित किया गया है। यहां पर सहभागिता कर रही विजेता टीम को 3 लाख 51 हजार रुपए, उपविजेता टीम को एक लाख 51 हजार रुपए, मैन ऑफ दा सीरीज 31 हजार रुपए के अलावा एक ही ओवर में 6 छक्के लगाने पर टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल पुरस्कार में दिया जाएगा। यहां पर क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रवेश शुल्क राशि 5 हजार रुपए रखा गया है। सभी खेल प्रेमियों को यहां पर आयोजित आल इंडिया ओपन चैलेंज टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट में सादर आमंत्रित किया गया है।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati.com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297